जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

12 नवम्बर, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

रूस की फ़ाइनेंशियल यूनिवर्सिटी के शिक्षाविदों के प्रतिनिधिमंडल ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया का दौरा किया

नई दिल्ली: रूसी संघ सरकार के अंतर्गत आने वाले फ़ाइनेंशियल यूनिवर्सिटी के छह सदस्यीय शिक्षाविदों के प्रतिनिधिमंडल ने आज जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कुलपति प्रो मज़हर आसिफ से कुलपति कार्यालय में मुलाकात की। उक्त प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रोफेसर (डॉ) स्टैनिस्लाव प्रोकोफिव, रेक्टर, रूसी संघ के सम्मानित अर्थशास्त्री, रूसी संघ के द्वितीय श्रेणी के पूर्ण परामर्शदाता और रूसी संघ के सम्मानित वैज्ञानिक ने किया। प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यों में प्रो (डॉ) एकातेरिना कामेनेवा, उप रेक्टर- अकादमिक मामले; प्रो (डॉ) ग्रिगोरी ओस्टापेंको, उप रेक्टर - डिजिटलीकरण; डॉ. लिलिया प्रिखोदको, अध्यक्ष - अंतर्राष्ट्रीय संबंध विभाग; डॉ. पावेल सेलेज़नेव, डीन- अंतर्राष्ट्रीय संबंध संकाय और श्री डेनियल शाखोव, उप प्रमुख – एक्सिकिटिव कार्यालय शामिल थे।

प्रतिनिधिमंडल ने भारत के तृतीय अग्रणी विश्वविद्यालय के रूप में जाने वाले जामिया मिल्लिया इस्लामिया के साथ साझेदारी स्थापित करने में अपनी गहरी अभिरुचि व्यक्त की क्योंकि यह उनके फ़ाइनेंशियल यूनिवर्सिटी के अंतर्राष्ट्रीयकरण रणनीति के प्राथमिक उद्देश्यों में से एक उद्देश्य है। प्रतिनिधिमंडल की यात्रा का उद्देश्य संभावित सहयोगी पहलों की आधारशिला रखना था जिन्हें आने वाले समय में एक साथ क्रियान्वित किया जा सकता है।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कुलपति प्रो. मजहर आसिफ ने अपने संबोधन में यह कहा कि प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करना सम्मान की बात है और उन्होंने आशा व्यक्त की कि दोनों पक्षों द्वारा की गई फलदायी चर्चा भविष्य में सक्रिय सहयोग की ओर ले जाएगी।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के अंतर्राष्ट्रीय संबंध कार्यालय के अंतर्राष्ट्रीय संस्थागत संबंध के विशेष कार्याधिकारी प्रो. मुकेश रंजन ने एमएमएजे अंतरराष्ट्रीय अध्ययन अकादमी की प्रो. रश्मि दुरैईस्वामी के साथ जामिया मिल्लिया इस्लामिया की स्थापना, इसकी समृद्ध ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और इसकी वर्तमान प्रतिष्ठित स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी दी । उनकी इस प्रस्तुति के उपरांत विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डालने वाली एक फिल्म दिखाई गई।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया